K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
ASSESSMENT –3 (2023-24)

GRADE: III | **MARKS: 50**
SUB: HINDI | **TIME: 2 Hrs**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

खंड (क) पठित (Seen passage)

प्रश्न १. निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।
(Read the seen passage and follow the instructions given below.)

अवंती में एक छोटी-सी रंगाई की दुकान खोली और गाँववासियों के लिए कपड़ा रंगना शुरू कर दिया। सब लोग उसकी रंगाई की प्रशंसा करने लगे। धीरे-धीरे उसकी दुकान चल निकली। अवंती की प्रशंसा सुनकर एक सेठ को बहुत ईर्ष्या महसूस होने लगी। अवंती को परेशान करने के लिए वह सेठ कपड़े का एक टुकड़ा लेकर अवंती की दुकान में जा पहुँचा। दरवाज़े के अंदर घुसते ही सेठ बुलंद आवाज़ में बोला - अवंती, ज़रा यह कपड़ा तो अच्छी तरह से रंग दो। मैं देखना चाहता हूँ तुम्हारा हुनर कैसा है। तुम्हारी काफ़ी तारीफ़ सुनी थी, इसलिए आया हूँ।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। (Complete the blanks with the appropriate word)(२ अंक)

१) दरवाजे के अंदर घुसते ही सेठ _______ आवाज़ में बोला।

२) सब लोग उसकी _______ की प्रशंसा करने लगे।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। (३ अंक)
(Answer the following questions in one or two words.)

१) सेठ क्या लेकर अवंती के दुकान में पहुँचा ?

२) अवंती ने किसकी दुकान खोली?

३) अवंती ने किसके लिए कपड़ा रंगना शुरू कर दिया?

खंड (ख) पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न
(Textual based questions)

प्रश्न १. निम्नलिखित कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (५ अंक)
(Fill in the blanks by choosing the appropriate word from the following brackets.)
(आटा, गाड़ी, नमक, चाल, खिसक)

१) चुटकी भर _________ डालेंगे।

२) उसकी ________ उल्टी पड़ चुकी है।

३) पहले-पहले सारा ________ बिखरेगा।

४) भलाई धीरे से ________ लेने में ही है।

५) थैली देख कर शिवदास ने अपनी ________ दे दी।

प्रश्न २. निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए।(Complete the lines of the following poem) (२ अंक)

१) मगन हुआ ________________ सौदा सस्ता पाके,

लगा चबाने मिर्च _______________ जाके।

प्रश्न ३. निम्नलिखित वाक्य पढ़कर सही या गलत लिखिए।

(Write whether the sentences are true or false.) **(४ अंक)**

१) रोटी को आग पर पकाएँगे । -

२) सेठ जी अवंती की दुकान में दोबारा गए। -

३) मिर्च देखकर काबुलीवाले के मुँह में पानी आ गया। -

४) क्योंजीमल हमेशा कैसे-कैसे-कैसे पूछ देता था। -

प्रश्न ४. निम्नलिखित कथन किसने-किससे कहें? (Who said to whom.) **(४ अंक)**

१) "समझ गया हूँ, अच्छी तरह समझ गया हूँ।"

२) "गुरुजी नमस्ते! किधर चले?"

३) " इस कपड़े को आप किस रंग में रंगवाना चाहते हैं?

४) ""क्यों भैया रोटी नहीं बनाएँगे?"

प्रश्न ५. निम्नलिखित सही जोड़ियों का मिलान कीजिए। **(५ अंक)**

(Match the pairs)

प्रशंसा	नाराज़ होना
रिसियाते	फली
फ़कत	पानी
छीमी	तारीफ़
गिलास	केवल

प्रश्न ६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।

(Answer the following questions in one sentence.) **(५ अंक)**

१) मिर्च खाने के लिए काबुलीवाले ने कौन-सी जगह चुनी?

२) शिवदास कौन था?

३) काबुलीवाले को मिर्च खाने से किसने रोका?

४) अवंती ने कपड़े को किसमें बंद करके रख दिया?

५) काबुलीवाला कहाँ का रहने वाला था?

खंड (ग) व्याकरण(Grammar)

प्रश्न १.निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **(३ अंक)**

(Write the antonyms of the following words.)

१) आज x २) आना × ३) नीचे x

प्रश्न २. निम्नलिखित शब्दों के दो - दो अर्थ लिखिए। **(२ अंक)**

(Write two meanings of the following words.)

१. हार - ☐ ☐

२. जल - ☐ ☐

प्रश्न ३. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। **(३ अंक)**

(write one word for the following phrase)

१) जहाँ सब्जी मिलती है। -

२) पंजाब में रहने वाला -

३) जहाँ मरीजों की देखभाल की जाती है। -

प्रश्न ४. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए। **(२ अंक)**

(Make sentence with the following words.)

१. मुलाकात - २. झोली -

प्रश्न ५. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द ढूँढकर लिखिए। **(३ अंक)**

(Find out the verb words from the following sentences and write it.)

१. शाम नदी में तैर रहा है।

२. पिताजी पेपर पढ़ रहे हैं।

३. राहुल खत लिख रहा है।

प्रश्न ६. निम्नलिखित परिच्छेद को उचित विरामचिह्नों के साथ फिर से लिखिए। **(२ अंक)**

(Rewrite the following paragraph with proper punctuations.)

धोबी की पत्नी बोली - जाकर गाँव के पंडित जी से क्यों नहीं पूछते ? वे बड़े ज्ञानी हैं। आगे-पीछे, सबके हाल की उन्हें खबर रहती है।

खंड (घ) लेखन (Writing skill)

प्रश्न १.निम्नलिखित रुपरेखाओं के आधार पर किसी <u>एक विषय</u> पर कहानी पूरी कीजिए और उचित शीर्षक देकर सीख लिखिए। (Based on the following outline, complete a story on any one topic and write the lesson by giving a suitable title.) **(५ अंक)**

१) खरगोश को अपनी तेज चाल पर घमंड --- कछुए द्वारा दौड़ का प्रस्ताव --- दोनों में दौड़ --- खरगोश को आगे निकलना --- एक पेड़ के नीचे विश्राम करना --- नींद आ जाना --- कछुए का धीमी गति से चलते रहना --- दौड़ जीत जाना --- सीख।

२) एक नाई --- मुर्गी खरीदना --- मुर्गी का सोने का अंडा देने --- नाई धनवान --- लालच पैदा होना --- मुर्गी काटकर एक ही बार में अंडे निकालना --- कुछ भी हाथ न आना --- पछताना --- सीख।

****